पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को घर जाकर जन्म दिवस की बधाई दी

लखनऊः 1 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के 42वें जन्म दिवस के अवसर पर उनके आवास 5 कालिदास मार्ग जाकर उनसे भेंट की तथा पुष्प गुच्छ देकर उनको जन्म दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भी पुष्प गुच्छ देकर राज्यपाल का अपने घर पर स्वागत किया। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री अहमद हसन व राजनैतिक पेंशन मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को राज्यसभा सदस्य प्रो0 रामगोपाल यादव की पुस्तक संघर्ष के प्रयोग की एक प्रति भेट की।


संघर्ष के प्रयोग